हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि
बिलासपुर, गुरूवार, 13 जून 2024
अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

तापमान
अधिकतम 43.0 डिग्री
न्यूनतम 28. 0 डिग्री

4 औद्योगिक समस्याओं का किया जाएगा त्वरित निदान : छिकारा



REGISTRATION OPEN
PHARMACY
D.PHARMA-B.PHARMA
M.PHARMA
NURSING
B.SC./POST BASIC/
M.SC.NURSING, GNM
SHRI RAWATPURA SARKAR GROUP OF INSTITUTIONS
7222910430/41

280 एम्पीयर से बढकर 320 एम्पीयर तक पहुंची बिजली की खपत

# बिजली की खपत और गर्मी बढ़ने से ट्रांसफार्मर भी देने लगे जवाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

गर्मी और बिजली की खपत बढ़ने से ट्रांसफार्मर भी अब जवाब देने लगे है। बिजली की खपत 280 एम्पीयर से बढकर 320 एम्पीयर तक पहुंच गई है। ऐसे में ट्रांसफार्मरों पर अतिरिक्त भार पड़ रहा है। ट्रांसफार्मर को भी ठंडा रखने हवा की जरूरत पड रही है। गर्मी के दिनो में अन्य सीजन के मुकाबले बिजली की खपत कुछ ज्यादा ही हो रही है।

गौरतलब है कि अभिवाजित जांजगीर चाम्पा जिले में 3 लाख 70 हजार से भी अधिक विद्युत उपभोक्ता है। यहां बिजली व्यवस्था बेहतर बनाने को लेकर 10 हजार से भी अधिक ट्रांसफार्मर एवं 100 से भी अधिक विद्युत सब स्टेशन बनाए गए है, ताकि बिजली की सप्लाई ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रो में बेहतर ढंग से बनी रही । यहां जांजगीर, चाम्पा, सक्ती एवं अकलतरा विद्युत विभाग के प्रमुख डिविजन है। इधर प्रदेश को वर्ष 2008 से ही सरप्लस घोषित किया जा चुका है। जिसके तहत शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रो में 24 घंटे बिजली की सुविधा प्रदान की जानी है। वही देखा जा तो सबसे अधिक बिजली की समस्या गर्मी के दिनो में होती है। जहां तापमान बढने के साथ बिजली की खपत भी बढने लग जाती है। गर्मी के बजाय अन्य दिनो में जहां बिजली की खपत 280 एम्पीयर रहती है वही गर्मी के दिनो में यह आंकडा बढकर 320 एम्पीयर तक पहुंच जाता है। वही 14 मेगावाट की जगह 16 मेगावाट तक बिजली की खपत बढ जाती है। स्थिती यह है कि वर्तमान समय में भीषण गर्मी के चलते ट्रांसफार्मर पर इतना अधिक दबाव पड जा रहा है। ट्रांसफार्मर को ठंडा रखने के लिए कुलर की व्यवस्था भी बनानी पड जा रही है। एक ओर जहां गर्मी को देखते हुए लोग अपने जरूरत के हिसाब से एसी, कुलर, पंखा एवं अन्य संसाधनो का उपयोग कर रहे है। इन सबके बावजुद गर्मी से निजात नही मिल पा रही है। खासकर लोग गर्मी से बचने के लिए ज्यादा से ज्यादा अपने घरो में ही सुरक्षित रहना पसंद कर रहे है। वही दुसरी ओर दोपहर के वक्त सड़के सूनी हो जा रही है। जिसके कारण लोगो का घरो से निकलना दूभर हो जा रहा है। 24 घंटे कूलर और एसी चलने से बिजली की खपत बढ़ रही है। इससे ट्रांसफार्मर पर लोड बढ़ रहा है। ऐसे मे ट्रांसफार्मर भी जवाब देने लगे है। वही शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में इन दिनो हो रही बिजली की कटौती से उपभोक्ता खासे परेशान है।


मरम्मत के लिए रखा ट्रांसफार्मर।

### अस्थाई कनेक्शन के सहारे शहर की बिजली व्यवस्था

ज़िला मुख्यालय जांजगीर के कई वार्डो में अस्थाई कनेक्शन के सहारे बिजली व्यवस्था संचालित की जा रही है। खासकर शिव मंदिर से आगे नहर किनारे एवं रमन नगर वार्ड में इस तरह की व्यवस्था सहज ही दिखाई पड जाएगी। इस वार्ड में ज्यादातर जमीन शहर से लगे ग्राम पंचायत खोखसा की है। ऐसे में कई जमीन की खरीदी करके मकान तो बना लिए है। लेकिन बिजली की कनेक्शन व्यवस्था स्थाई तक नही हो पाई है। वही कई स्थानो पर कई उपभोक्ता आज भी बिजली की चोरी करते नजर आते है। जिसका नुकसान सीधे तौर पर विद्युत विभाग को होता है। इसके बावजूद आज भी शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली की चोरी की जा रही है। ऊपर से विद्युत विभाग में ग्राहकों का स्थायी बिजली कनेक्शन होना चाहिए, ताकि जांच पड़ताल के दौरान किसी तरह की कोई परेशानी ना हो। इसके बावजूद कई उपभोक्ता अस्थायी विद्युत कनेक्शन के माध्यम से ही अपना काम चलाते रहते है। ऐसे में जांच पडताल के दौरान ग्राहकों की दिक्कतें बढ़ जाती है।

### बढ जाती है खपत

गर्मी के दिनो मे बिजली की खपत बढ जाति है। ज्यादातर गर्मी को देखते हुए ट्रांसफार्मर को सुरक्षित रखने ब्यवस्था बनाई जाति है। बिजली के अस्थाई कनेक्शन को लेकर ब्यवस्था बनाई जाएगी।

-अमर चौधरी,
अधीक्षण यंत्री
विद्युत मंडल कार्यालय जांजगीर

# शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में भगवान भरोसे एटीएम की सुरक्षा व्यवस्था

## चोरी के प्रयास में तोड़फोड़ के मामले आते रहते है सामने

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रो मे एटीएम की सुरक्षा व्यवस्था भगवान भरोसे है। एटीएम सेन्टरो में ना तो सुरक्षा कर्मियो की तैनाती की जाती है और ना ही सीसीटीवी कैमरे की समुचित व्यवस्था बन पाई है। चोरी के प्रयास में एटीएम के तोडफोड के मामले सामने आते रहते है।

गौरतलब है कि जांजगीर चाम्पा जिले में 25 से अधिक राष्ट्रीय कृत बैकों का संचालन किया जा रहा है। जिनमें एसबीआई, पीएनबी, कैनरा, बैक आफ बडोदरा, बैंक आफ इंडिया, एक्सीस, आंध्रा, ओरियंटल, बैंक आफ महाराष्ट्र, ग्रामिण, जिला सहकारी सहित अन्य बैंको का संचालन किया जा रहा है। इधर ग्राहको की सुविधाओ को ध्यान मे रखकर बडे पैमाने पर बैंको के एटीएम सेन्टर भी खोले गए है ताकि लोग समय के अनुसार एटीएम के माध्यम से राशि जमा एवं आहरण कर सके। वही देखा जाए तो कई एटीएम केन्द्रों में ना तो सुरक्षा कर्मियों की समुचित तैनाती की गई है और कई जगहो के एटीएम सेन्टरो में सीसी टीवी कैमरे नहीं लगाए गए है। ऐसे में कई बार चोर चोरी का प्रयास करते है। एटीएम में तोडफोड एंव केन्द्र के सामानो के चोरी करने के मामले भी लगातार सामने आते रहे है। इसे लेकर बैंको के जिम्मेदार प्रबंधको को कोई सरोकार तक नही है। इधर देखा जा तो भारत सरकार के बैंक एंव निजी संस्थानो के बैंको के द्वारा प्रबंधक सहित अन्य स्टाप को सालाना लाखो रूपए का वेतनमान देती है। ताकि प्रबंधको के साथ साथ कार्यरत स्टाफ ग्राहको को बेहतर सेवा देने के साथ एटीएम के माध्यम से राशि आहरण एवं पैसे जमा करने में सहुलियत हो सके। वही जिम्मेदार बैंक के अफसरो को एटीएम की सुरक्षा एंव रखरखाव को लेकर कोई सरोकार तक नही है। जिला मुख्यालय जांजगीर के नेताजी चौक, केरा रोड, नैला रोड, चाम्पा के स्टेशन रोड, बेरियर चौक, मंझली तालाब सहित अकलतरा, बलौदा, शिवरीनारायण, नवागढ, पामगढ सहित कई जगहो के ग्रामीण क्षेत्रो में भी ग्राहको की सुविधाओ को ध्यान में रखकर बैंको के साथ साथ एटीएम सेन्टर का संचालन तो किया जा रहा है, लेकिन इन एटीएम सेन्टरो में सुरक्षा कर्मियो के साथ सीसी टीवी कैमरा भी नजर नही आता। ऐसे में एटीएम की सुरक्षा को लेकर तरह तरह के सवाल खड़े हो रहे है। असामाजिक तत्व कई बार यहां तोड़फोड़ भी करते है।



केरा रोड में संचालित गार्ड विहीन एटीएम।

### ली जाएगी जानकारी

जिले के सभी एटीएम केन्द्रों में सीसीटीवी कैमरे के साथ सुरक्षा को लेकर सुरक्षा व्यवस्था बनाई जानी रहती है। जानकारी लेकर व्यवस्था बनाने निर्देशित किया जाएगा।

-तारकेश्वर प्रसाद कुर्रे,
शाखा प्रबंधक
भारतीय स्टेट बैक मुख्य ब्रांच जांजगीर

## खबर संक्षेप

### जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक आज

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर आकाश छिकारा की अध्यक्षता में जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक 13 जून को प्रातः 11 बजे कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आहूत की गई है। इस बैठक में रबी सिंचाई की समीक्षा एवं आगामी खरीफ सिंचाई कार्यक्रम तथा खाद बीज की उपलब्धता पर चर्चा की जाएगी। सचिव व नोडल अधिकारी कार्यपालन अभियंता हसदेव नहर जल प्रबंध संभाग जांजगीर ने जिले के कृषक संगठनों के प्रतिनिधियों से आग्रह किया है कि बैठक में भाग लेकर अपना सुझाव रखकर कार्यक्रम निर्धारण में सहयोग प्रदान करें।

### छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ की बैठक आज

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण की बैठक गुरूवार 13 जून को बस स्टैण्ड अड़भार कन्या मीडिल स्कूल में सुबह9 से 12 बजे तक रखी गई है। सभी संकुल प्रभारी अपने केन्द्र के समस्त पेंशनर साथियों को अवगत कराना सुनिश्चित करें और अपने अपने संकुल रजिस्टर, रसीद बुक भी लेते आवें तथा समस्त पेंशनर साथियों मेंजो भी वित्तीय समस्या है उसे दो प्रति में लेकर आवें नया पेंशनरों को आधार कार्ड और पीपीओ की फोटो कॉपी लेते आवे। इसके साथ ही 30 जून और तृतीय समय मान बेतन मान के संबंध में भी विचार विमर्श किया जावेगा और अन्य समस्या है तो भी विचार विमर्श किया जावेगा। संरक्षक समेलाल बरेठ , हीरामणी वर्मा तहसील अध्यक्ष अड़भार ने सभी को पहुंचने की अपील की है।

### नहर किनारे युवक की मिली लाश, जांच में जुटी पुलिस

**फगुरम।** नहर किनारे पहुंचने पर एक व्यक्ति क़ा शव मिला नहर पार के ऊपर में मृतक क़ा नाम उत्तरा कुमार सिदार पिता पुरुषोत्तम सिदार उम्र 26 वर्ष साकिन भाटा है। शरीर पर कहीं चोट क़ा निशान नजर नही आ रहा है। शराब पीने क़ा आदि था। मनोज राईस मिल में मजदूरी करता था। कल सुबह 8 बजे घर से नाश्ता करके निकला है। मिल में नही गया था। परिजन पता तलाश कर रहे थे। शव क़ा पंचनामा कार्यवाही करके पाम के लिये सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भेजा गया है। पाम रिपोर्ट प्राप्त होने पर मृत्यु के कारणों क़ा खुलासा होगा। कोरबा के एफएसएल से डॉ. सत्यजीत कोशरिया सर भी आये थे।

### 30 पाव देसी प्लेन शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**फगुरम।** 30 पाव अवैध देशी प्लेन शराब के साथ एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला फगुरम चौकी को 11 जून को मुखबिर सूचना मिली की एक महिला अवैध बिक्री हेतु भारी मात्रा में देशी प्लेन शराब अपने घर के बाड़ी में छिपाकर रखी हुई है। सूचना के आधार पर सुनीता साहू पति अजय साहू के घर के बाड़ी में दबिश देकर आरोपिया के कब्जे से एक सफेद रंग के प्लास्टिक थैला में रखा हुवा 30 पाव देशी प्लेन शराब को जब्त किया। जिसे अवैध शराब के संबंध में दस्तावेज प्रस्तुत करने हेतु नोटिस देने पर आरोपिया के द्वारा कोई दस्तावेज प्रस्तुत नही किया गया जिस पर देशी प्लेन शराब को जब्त किया गया। धारा 34 (2) आबकारी एक्ट का पाए जाने से विधिवत कार्यवाही किया गया है।

# जमीन की पुरानी रंजिश पर बलवा पुलिस के हत्थे चढ़े 5 आरोपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जमीन सम्बन्धित पुरानी रंजीश पर अकलतरा में एक राय होकर घर घुकर मारपीट व तोडफोड कर दी गई। पुलिस ने मामले में 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 8 जून को अलफाज खान और उसके दोस्त वार्ड 16 अकलतरा निवासी अभिषेक केडिया से जमीन सबंधी विवाद और रंजिश को लेकर स्कार्पियो वाहन लेकर घुस गए। आरोपियों द्वारा घर के पीछे बाउड्री वाल को स्कार्पियो चार पहिया वाहन से तोडकर घर के अंदर घुस गए। दुकान एंव मकान मे रखे समान को तोडफोड कर दी। अभिषेक केडिया से मारपीट कर जान से मारने की धमकी देते हुए सभी भाग निकले। मामले की रिपोर्ट पर पुलिस ने अलफाज खान उम्र 19 वर्ष वार्ड 11 पुरानी बस्ती अकलतरा, अमन राय उम्र 19 वर्ष वार्ड नंबर 12 गुरूघासीदास मोहल्ला अकलतरा, इकबान खान उम्र 20 वर्ष वार्ड नंबर 11 पुरानी बस्ती अकलतरा, अभय बर्मन उर्फ छोटू उम्र 20 वर्ष वार्ड नंबर 13 कन्या शाला के पीछे अकलतरा, अमन बर्मन उम्र 20 वर्ष वार्ड नंबर 13 कन्या शाला के पीछे अकलतरा को पकड़ा। आरोपियों को धारा 147,149,506,452, 323,427 के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है। प्रकरण में शामिल एक विधि विरुद्ध संघर्षरत बालक को किशोर न्यायालय पेश पेश किया गया है। मामले में अन्य आरोपी फरार है, जिसकी पतासाजी की जा रही है।


पुलिस गिरफ्त में आरोपी

## केन्द्रीय मंत्री से मिले पूर्व नेता प्रतिपक्ष...

**जांजगीर-चांपा।** केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी के दिल्ली स्थित उनके निवास पर जाकर छ.ग. विधानसभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने पुन: केन्द्रीय मंत्री बनाये जाने पर शुभकामना दी। इस मौके पर छ.ग. सरकार के कृषि मंत्री रामविचार नेताम भी उपस्थित थे। इसके साथ श्री चंदेल ने भारत सरकार के केन्द्रीय मंत्री मनसुख मांडविया, जुएल उराव एवं आंध्रप्रदेश से नव निर्वाचित सांसद भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय महासचिव श्रीमती डी. पुरंदेश्वरी सहित अनेक केन्द्रीय मंत्रीयों व राष्ट्रीय पदाधिकारियों से भी मुलाकात की।



### 7 माह से फरार आरोपी को पुलिस ने पकड़ा, जेल दाखिल

**जांजगीर-चांपा।** जिले में अवैध शराब बिक्री करने वालो के खिलाफ पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला द्वारा अभियान चलाया जा रहा है। सात माह बाद अवैध शराब बिक्री करने वाले युवक को जांजगीर पुलिस को पकड़ने में सफलता मिली है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 27 सितंबर को मुखबिर सूचना मिला की दिलीप सिंह गोंड निवासी कांजीनाला बनारी का काफी मात्रा में महुवा शराब कब्जे में रखा है। आरोपी दिलीप सिंह गोंड पुलिस को आता देख फरार हो गया था। मौके से 120 लीटर महुवा शराब कीमती 12 हजार को जप्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2)आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी की पतासाजी की जा रहा थी।

# कोल वासरी से डीजल चोरी, लोडर आपरेटर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

**खास बात**
- आरोपी के कब्जे से 30 लीटर डीजल बरामद

महावीर कोल वाशरी से डीजल चोरी करने वाले आरोपी को बलौदा पुलिस ने गिरफतार किया है। लोडर ऑपरेटर अपने एक साथी के साथ मिलकर डीजल की चोरी कर रहा था। आरोपी के कब्जे से चोरी का 30 लीटर डीजल बरामद किया गया है।



इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 11 जून की सुबह लोडर आपरेटर बद्रिकेशवर साहू अपने एक साथी के साथ मिलकर डीजल की चोरी कर रहा था। उसी समय सुरक्षाकर्मी ने डीजल से भरा हुआ डिब्बा के साथ रंगे हाथ पकडा। महावीर कोल वासरी के प्रबंधक राजकुमार मिश्रा ने बलौदा थाने में मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी बद्रिकेश्वर साहू निवासी खुरसुला जिला बिलाईगढ सारंगढ को पकड़ कर पुछताछ की तो उसने अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर महावीर कोलवासी के लोडर वाहन से डीजल को जरिकेन में भरकर चोरी करना स्वीकार किया। पुलिस ने 30 लीटर डीजल को बरामद कर आरोपी को धारा 379,34 के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया। प्रकरण के एक अन्य आरोपी फरार है, जिसकी पतासाजी की जा रही है।

# रेलवे ट्रैक पर मिली युवती की लाश, पहचान जुटाने में लगी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

- जांच में जुटी नैला पुलिस

खोखसा रेलवे ट्रैक पर लगभग 20 वर्षीय अज्ञात युवती का शव मिला है। ट्रेन से गिरने से युवती की मौत होने की आशंका जताई जा रही है। शव को रेलवे ट्रैक से उठाकर मर्च्यूरी में रखवा दिया गया है। पूरा मामला नैला चौकी उप थाना क्षेत्र का है।

इस संबंध मे नैला चौकी से मिली जानकारी के अनुसार खोखसा रेलवे ट्रैक पर लगभग 20 वर्षीय अज्ञात युवती का शव मिला है। बताया जाता है कि सिर में गंभीर चोट लगने से मौत हुई है। पुलिस ने बताया कि युवती की मौत सिर में गंभीर चोट लगने से हुई है। लड़की की अभी तक पहचान नहीं हो पाई है। लड़की ने काली जींस, काली फुल स्लीव टी-शर्ट पहनी हुई थी। उसके बाएं हाथ पर SAAA लिखा हुआ है। अपनी बाईं उंगली में 2 अंगूठियां और दाहिने हाथ में रस्सी पहनी हुई है। पुलिस ने बताया कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट का इंतजार है। पुलिस पहचान जुटाने की कोशिश कर रही है। साथ ही हर एंगल से मामले की तफ्तीश की जा रही है। पहचान के लिए सोशल मीडिया का भी सहारा लिया जा रहा है।

## कलेक्टर ने ली स्कूल प्राचार्यो की समीक्षा बैठक, दिए निर्देश

# जीवन को सुधारकर बच्चों के उज्जवल भविष्य गढ़ने का काम करते है शिक्षक


हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

शिक्षक बच्चों के जीवन को सुधारकर उनके उज्जवल भविष्य बनाने का काम करते है। नए शिक्षा सत्र प्रारंभ करने को लेकर उन्होंने स्कूल के प्राचार्यो की बैठक ली। इसके साथ ही स्कूल संचालन को लेकर व्यवस्था बनाने निर्देश दिए।

कलेक्टर आकाश छिकारा ने बुधवार 12 जून विकासखंड अकलतरा एवं विकासखंड बलौदा के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में विकासखंड स्तरीय शिक्षा विभाग के अधिकारी एवं प्राचार्यो की बैठक ली। कलेक्टर ने बैठक में कहा कि शिक्षक बच्चों के जीवन को सुधारकर उनके उज्जवल भविष्य का बनाने का कार्य करते हैं। इसके लिए जरूरी है कि विधार्थी की रुचि को पहचाने और उसके अनुसार उसकी प्रतिभा को विकसित करें। बैठक में उन्होंने शाला प्रवेश उत्सव के साथ पाठ्य पुस्तक, गणवेश, साइकिल आदि वितरण की तैयारी पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रत्येक माह हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल के प्राचार्यों की बैठक आयोजित कर समीक्षा करने के निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी को दिए। बैठक में कलेक्टर ने जिले के समस्त शासकीय विद्यालय के शिक्षकों और विद्यार्थियों की दैनिक उपस्थिति विनोबा एप्प मे प्रतिदिवस संस्था प्रमुख को करने कहा है। इसके साथ ही विद्यार्थियों की उपस्थिति संख्यात्मक रूप में दर्ज की करने कहा है। उन्होंने कहा कि बैठक मे अधिक से अधिक पालको को शामिल कर विद्यार्थियो के अधिगम संबंधी विषयो पर चर्चा करे। कलेक्टर ने साप्ताहिक, मासिक परीक्षा, त्रैमासिक परीक्षा का आयोजन करने कहा। उन्होंने मासिक परीक्षा परिणाम की विषयवार, विद्यार्थीवार प्रविष्टि विषय शिक्षक, कक्षा शिक्षक के द्वारा प्रविष्टि विनोबा एप्प करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम वाले विद्यार्थियों को प्रोत्साहित भी किया जाएगा। कलेक्टर ने परीक्षा परिणाम के आधार पर 50 प्रतिशत से कम अंक पाने वाले विद्यार्थियों को चिन्हांकित कर उनके लिए शाला समय के बाद अतिरिक्त कक्षाए संचालित की जानी है। मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। बैठक में संयुक्त कलेक्टर श्रीमती ममता यादव, एसडीएम अकलतरा विक्रांत सिंह, डीईओ अश्वनी भारद्वाज, डीएमसी राजकुमार तिवारी, प्राचार्य सहित संबंधित अधिकारी-कर्मचारीगण उपस्थित थे।



बैठक में स्कूल के प्राचार्य एवं संचालकों को दिशा निर्देश देते कलेक्टर।



## खबर संक्षेप

### महापौर ने मंत्री से पार्षद निधि राशि स्वीकृति की रखी मांग



**कोरबा।** महापौर राजकिशोर प्रसाद ने प्रदेश के उपमुख्यमंत्री व नगरीय प्रशासन मंत्री अरूण साव से नगर निगम में महापौर मद एवं पार्षदनिधि से विकास कार्य कराए जाने हेतु राशि स्वीकृति किए जाने का आग्रह किया है। इस हेतु महापौर श्री प्रसाद द्वारा नगरीय प्रशासन मंत्री को पत्र प्रेषित किया गया है। राज्य शासन द्वारा महापौर मद के अंतर्गत प्रत्येक वर्ष सवा दो करोड़ रूपये की राशि तथा प्रत्येक पार्षद हेतु पार्षद मद के अंतर्गत 6 लाख रूपये की राशि विकास कार्यों हेतु प्रदान की जाती है। महापौर राजकिशोर प्रसाद ने उपमुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन मंत्री अरूण साव को पत्र लिखकर आग्रह किया है कि नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत वर्ष 2024-25 सत्र में महापौर मद एवं पार्षद मद से वार्डों में विकास कार्य कराए जाने हेतु राशि जारी की जाए ताकि वार्डों में आवश्यक विकास कार्य कराए जा सकें।

### शासकीय भूमि से अवैध कब्जा हटाने की मांग

**हरदीबाजार।** ग्राम पंचायत बोईदा में शासकीय भूमि पर कब्जा कर अवैध निर्माण किया गया है। इसकी शिकायत एसडीएम, तहसीलदार को सरपंच द्वारा अनेक बार शिकायत की पर अब तक कोई कार्यवाही नहीं हुई। एसडीएम को सरपंच ने बताया कि ग्राम पंचायत बोईदा में प्रस्तावित भूमि पर जगह जगह पर अवैध कब्जा किया गया है। सरपंच द्वारा बार-बार शिकायत के बावजूद कार्यवाही नहीं करने से निराश हो गए हैं, जिसके कारण सभी लोग मनमानी करते हुए जगह जगह बोईदा ग्राम में अवैध कब्जा किया जा रहा है। शासकीय भवनों के सामने और स्कूल खेल मैदान के आसपास गांव के ही लोगों द्वारा अवैध रुप से कब्जा कर मकान बना लिया है। पंचायत एवं ग्राम सभा का कहना भी नहीं मानते हैं। प्रस्तावित भूमि विघुत विभाग की सब स्टेशन के आने जाने रास्ता बंद हो गई है, बाजार के लिए प्रस्तावित भूमि पर कब्जा, शासकीय भवन के सामने कब्जा कर मकान एवं बाड़ी बनाया गया है और धान खरीदी केंद्र के प्रस्तावित भूमि पर भी मकान एवं बाड़ी बना दिया गया है। जिसके कारण चबूतरा एवं सेड निर्माण कार्य नहीं हो पा रहा है। अधिकारियों को इस कब्जा को लेकर कई बार अवगत करा चुके, लेकिन कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। अब देखने वाली बात होगी कि खबर के बाद अधिकारी क्या कार्यवाही करते हैं।

### खिलाड़ियों एवं खेल संघों को प्रेरणानिधि प्रदान करने आवेदन आमंत्रित

**कोरबा।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा प्रतिवर्ष खिलाड़ियों/प्रशिक्षकों/निर्णायकों को षहीद राजीव पाण्डेय पुरस्कार, शहीद कौशल यादव पुरस्कार वीर हनुमान सिंह पुरस्कार, षहीद विनोद चौबे सम्मान, शहीद पंकज विक्रम सम्मान, मुख्यमंत्री ट्रॉफी पुरस्कार, राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक प्राप्त खिलाड़ियों तथा अन्य को नगद राशि पुरस्कार, खेल वृत्ति एवं खेल संघों को प्रेरणा निधि प्रदान करने हेतु निर्धारित प्रपत्र में आवेदन आमंत्रित करता है। राज्य खेल अलंकरण अंतर्गत सीनियर वर्ग के ऐसे खिलाड़ियों को शहीद राजीव पाण्डेय पुरस्कार से अलंकृत किया जाता है जिनके द्वारा राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में या राष्ट्रीय खेलों में कोई पदक प्राप्त किया हो या अधिकृत अन्तर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देश का प्रतिनिधित्व किया गया हो।

जाँजगीर मार्केट
पैसे बीमारी ठीक होने के बाद
उम्र की अधिकता और बीपी, शुगर से आई कमजोरी, टायमिंग में कमी, शुक्राणु की कमी, निःसंतान आदि सभी रोगों का विशेष आयुर्वेदिक पद्धति से इलाज, मनचाहा पॉवर सफलता से प्राप्त करने हेतु संपर्क करें:-
SEX PROBLEM
धनवंतरी आयुर्वेदिक
खोखसा फाटक के पास, ओवरब्रिज के नीचे चांपा रोड जांजगीर
मोबा-8962743509

## कटघोरा वनमंडल के केंदई रेंज के कापानवापारा हाईवे पर नजर आते हैं हाथी


# नेशनल हाईवे पर अक्सर गजराज का डेरा, अंडरपास का मामला ठण्डे बस्ते में

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा


कटघोरा वनमंडल में विचरण करने वाले गजराज अक्सर हाईवे पर आज धमकते हैं और जिसकी वजह से घंटे हाईवे की रफ्तार थम जाती है। हाईवे पर वाहनों की रफ्तार कम ना हो इसके लिए वन विभाग ने हाईवे के 7 स्थान में अंडरपास बन सके इस दिशा पर पहल की थी लेकिन मामला अब तक ठण्डे बस्ते में ही पड़ा नजर आ रहा है।

उल्लेखनीय है कि कटघोरा वनमंडल में पिछले कई वर्षों से हाथियों का झुंड विचरण कर रहा है और हाथियों के झुंड को इस क्षेत्र का जंगल भाग गया है। जिसके चलते हाथियों ने इस इलाके को अपना स्थाई ठिकाना बना लिया है। अक्सर यह देखा जाता है कि हाथी नेशनल हाईवे कटघोरा-अंबिकापुर मुख्य मार्ग एनएच-130 में अकसर हाथी हाईवे को पार करते हैं। जिसकी वजह से हाईवे में आने जाने वाले लोगों को घंटों परेशान होना पड़ता है। कटघोरा वनमंडल अधिकारी कुमार निशांत ने हाथियों को हाईवे पार करने में किसी तरह की परेशानी ना हो और हाईवे में चलने वाले आम जनता को परेशानी ना हो इसके लिए उन्होंने हाईवे में अंडरपास बनाने की दिशा पर पहल शुरू कर दी है। हाईवे में पड़ने वाले 7 स्थान में अंडरपास बनाने के लिए वन विभाग ने स्थल का चिन्हांकन किया है। जिसमें मुख्य रूप से परला कापानवापारा, गुरसियां, केंदई, मदनपुर को चिन्हांकित किया गया है। वन विभाग द्वारा अब इस प्रस्ताव को बनाकर नेशनल हाईवे के अथॉरिटी को भेजा जाएगा जहां से अब तक स्वीकृति नहीं मिल पायी है। जिससे ऐसा लग रहा है कि मामला ठण्डे बस्ते में पड़ा हुआ है। अक्सर हाथियों का झुण्ड हाईवे पर ही नजर आते हैं।

### पोड़ी उपरोड़ा ब्लाक के मुख्य मार्गों में नजर आता है गजराजों का झुण्ड



नेशनल हाईवे में अक्सर इस तरह हाथियों का झुण्ड आता है नजर।



वन्य प्राणियों के लिए हाईवे के लिए तैयार किया गया ओवरपास।

### कापानवापारा और परला मेन पॉइंट

केंदई वन परिक्षेत्र अधिकारी अभिषेक दुबे ने बताया कि हाथियों का झुंड सबसे अधिक पसान व एतमानगर और केंदई रेंज में विचरण करते हैं। फिलहाल 7 स्थान को अंडरपास के लिए चिन्हांकित किया गया है लेकिन सबसे अहम स्थान परला कापानवापारा में अंडरपास बनाना सबसे अहम होगा क्योंकि इसी स्थान पर हाथी अक्सर इस दिशा से उस दिशा पार करते हैं। पिछले कुछ वर्षों के दौरान सबसे अधिक इसी स्थान से हाथियों ने यहां से पार किया है। बताया जाता है कि परला कापानवापारा की बीच की दूरी लगभग 12 किलोमीटर है। जहां इसी दोनों स्थान में सबसे अधिक अंडरपास की आवश्यकता वन विभाग महसूस कर रहा है।

### महिला को मौत उतारने के बाद दंतैल लौटा धरमजयगढ़

कोरबा वनमंडल के कुदमुरा वन परिक्षेत्र अंतर्गत कलमीटिकरा परिसर में एक महिला को मौत की नींद सुलाने वाला लोनर हाथी अब धरमजयगढ़ वनमंडल चला गया है। हाथी ने आधी रात के बाद आगे का रूख किया और मांड नदी को पार करने के बाद भोर होने से पहले धरमजयगढ़ पहुंच गया। लोनर हाथी ने ग्राम बासीन निवासी यादोबाई नामक महिला पर हमला कर दिया था जिससे उसकी मौत हो गई थी। जबकि उसका पति वृक्षराम पुलिया में छिपकर अपनी जान बचाने में सफल रहा था। दंपति सुबह 7.30 बजे धान बीज खरीदी के लिए अपने गांव बासीन से गिरारी जा रहे थे, तभी जंगल में उनका सामना लोनर हाथी से हो गया था। हाथी ने देखते ही हमला कर दिया था। इस बीच 7 हाथियों का झुण्ड लबेद क्षेत्र में पहुंच गया है। हाथियों के इस झुण्ड को मंगलवार की सुबह यहां के जंगल में ग्रामीणों ने विचरण करते हुए देखा और इसकी सूचना वन विभाग को दी, जिस पर वन विभाग का अमला तत्काल मौके पर पहुंचकर हाथियों की निगरानी में जुट गया है। लबेद व आसपास के गांवों में मुनादी करा दी गई है और ग्रामीणों को सतर्क कर दिया गया है।

### सूने मकान में चोरी, मामला दर्ज

**कोरबा।** सिविल लाईन थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थना भवन चर्च आईटीआई चौक निवासी पास्टर ए.के. मोजेस उम्र 71 वर्ष पिता स्व. जी. मोजेस 6 जून को दोपहर लगभग 1 बजे अपने घर में ताला बंद कर अपने परिवार के साथ बैकुण्ठपुर पटना चला गया था और वहां से जब 11 जून को दोपहर लगभग 12 बजे वापस अपने घर आया तो देखा कि उसके घर में लगा हुआ ताला टूटा हुआ था घर का पूरा सामान एलजी एलईडी टीवी फर्श पर बिखरा पड़ा हुआ था तथा होन्डा स्कूटी वाहन क्रमांक सीजी 04 डीडी 6307 घर मे नही था जिसे कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर पतासाजी शुरु कर दी है।

### एसईसीएल सीव्हीओ जयंत की सड़क हादसे में मौत

**कोरबा।** कोल इंडिया के अनुषंगी कंपनी एसईसीएल मुख्यालय में पदस्थ मुख्य सतर्कता अधिकारी जयंत कुमार खमरी अपने किसी शासकीय कार्य से 3 जून को महानदी कोलफील्स लिमिटेड के मुख्यालय संबलपुर गए हुए थे। 5 जून को संबलपुर से वापसी के दौरान रायगढ़ के पास उनकी शासकीय वाहन इनोवा ट्रेलर के साथ दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी जिसमे वे घायल हो गए थे। उनके साथ वहां में चालक और बॉडीगार्ड मौजूद थे। घटना के बाद श्री खमाड़ी को जिंदल हॉस्पिटल, रायगढ़ में उपचार चल रहा था।उनकी गंभीर स्तिथि को देखते हुए गहन चिकित्सा के लिए उन्हें दिल्ली के मेदांता हॉस्पिटल में स्थानांतरित किया गया था। मंगलवार की सुबह मेदांता हॉस्पिटल, दिल्ली में उन्होंने अंतिम सांस ली।

## महाविद्यालयों में छात्रों को ग्रुप विषय के अनुसार ही मिलेगा प्रवेश




फाइल फोटो

### 18 से शुरू होना है एडमिशन पर नहीं आया सिलेबस

उच्च शिक्षा विभाग ने कहा है कि 18 जून से विश्वविद्यालय के पोर्टल से प्रवेश प्रकिया शुरू होगी। कुलपति के विशेष अनुमति से 14 अगस्त तक प्रवेश होगा। 1 जुलाई से नियमित कक्षाएं शुरू हो जाएंगी। अब ऐसे में उच्च शिक्षा विभाग ने अभी तक एनईपी का सिलेबस भी विश्वविद्यालयों को उपलब्ध नहीं कराया है। छात्रों को पहले सेमेस्टर में क्या-क्या पढ़ाया जाना है, ये शिक्षकों को भी नहीं पता। ऐसे में छात्रों को पढ़ा पाना इस बार शिक्षकों के लिए भी मुश्किल हो रहा है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

उच्च शिक्षा विभाग ने सत्र 2024-25 से राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू करने की घोषणा कर दी है। विभाग ने इसे लेकर सभी विवि को पत्र जारी कर दिया है। इसमें कहा गया है कि स्नातक में सेमेस्टर पद्धति से प्रवेश होगा। बीए, बीएससी, बीकॉम, बीसीए और बीबीए में एनईपी लागू होगा। इन विभागों में प्रवेश लेने वाले छात्रों को ग्रुप विषय के अनुसार ही प्रवेश दिया जाएगा। इसके साथ ही छात्रों को एन्हासमेंट कोर्स, वेल्यु एडड कोर्स और स्किल डेवलपमेंट कोर्स को भी पढ़ना है।

**खास बातें**

- बीए, बीएससी, बीकॉम, बीसीए और बीबीए में लागू होगा एनईपी
- 18 जून से शुरु होगी प्रवेश की प्रक्रिया

उच्च शिक्षा विभाग ने एन्हासमेंट कोर्स का डिटेल जारी कर दिया है। इसके अनुसार बीकॉम, बीबीए में पढ़ाई करने वाले छात्रों को एन्हासमेंट कोर्स के तहत पहले सेमेस्टर में पर्यावरण अध्ययन की पढ़ाई करनी होगी। इसी तरह बीएससी, बीसीए के छात्रों प्रथम सेमेस्टर में अंग्रेजी भाषा और बीए, बीएससी एचएम के छात्रों को हिंदी भाषा की पढ़ाई करनी होगी।वहीं उच्च शिक्षा विभाग विवि को अब तक नहीं मिला है कि वेल्यू एडड कोर्स और स्किल डेवलपमेंट कोर्स में छात्रों को क्या पढ़ना है, जबकि उच्च शिक्षा विभाग ने 18 जून से प्रवेश की प्रक्रिया शुरू करने आदेश जारी कर दिया है। इसके लिए यूनिवर्सिटी को पोर्टल तैयार करना है, पर इनके पास डाटा ही नहीं है। ऐसे में अगर उच्च शिक्षा विभाग समय से डाटा उपलब्ध नहीं कराता है तो निर्धारित तिथि में प्रवेश के लिए आवेदन शुरू करना विश्वविद्यालयों के लिए मुश्किल होगा।


TOP IN JANJGIR
N-S-D-C National Skill Development Corporation
Approved By Nsdc Center No.69240
कोर्स
पैरामेडिकल एवं नर्सिंग के रोजगोरन्मुखी कोर्स
0 MPW - पोस्ट डिप्लोमा इन मल्टी पर्पस हेल्थ वर्कर
0 OT - पोस्ट डिप्लोमा इन OT टेक्नीशियन
0 DMLT - डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीशियन
0 EMT - पोस्ट डिप्लोमा इन इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन
0 डिप्लोमा इन नर्सिंग सुपरवाईजर
0 पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन फिजिशियन एसिसटेंस
10वीं एवं 12वीं के छात्र एवं छात्राओं के लिए सुनहरा अवसर
प्रत्येक कोर्स के लिए 30-30 सीट उपलब्ध विभिन्न
एक वर्षीय कोर्स
अस्पतालों या पैथोलेब में कार्यरत विद्यार्थियों के पत्राचार एवं साप्ताहिक की सुविधा
सशुल्क पाठ्यक्रम
सम्पर्क करें- आकाश एजुकेशनल एकेडमी केरा रोड, रजनीश बुक डिपो के सामने तिवारी काम्प्लेक्स जांजगीर मो. नं. 8770638375, 8815467282

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
शिशु एवं बाल्यरोग विभाग
24x7 इमरजेंसी सुविधा उपलब्ध
डॉ. दिलीप जैन
M.B.B.S, D.N.B, I.D.P.C.C.M
बाल्य बहन एवं क्रिटिकल केयर स्पेशलिस्ट बिलासपुर संभाग के प्रथम एवं एकमात्र बाल्य बहन चिकित्सा विशेषज्ञ
• न्यूमोनिया, पायोथोरेक्स, सेप्टिक शॉक, उल्टी दस्त के साथ बच्चे का सुस्त हो जाना,
• तेज बुखार के साथ झटका आना, ए. आर. डी. एस. बच्चे को लगातार झटके आना,
• पीलिया, जन्म के समय गन्दा पानी पीना व साँस न लेना, हाइपरटेंशन, लीवर फैलियर,
• डाइबिटिक कीटो एसिडोसिस, अस्थमा, बच्चों का बार बार बीमार पड़ना, इमरजेंसी सुविधाएं,
• गहन एवं गंभीर रूप से पीड़ित सभी बच्चों का इलाज हेतु एन.आई.सी.यु., पी.आई.सी.यू. की सुविधा,
• क्रिटिकल केयर विभाग, सभी तरह की आपातकालीन सुविधाएं,
• आकस्मिक दुर्घटना, सर की चोंट, जहर खुरानी, माइग्रेन का इलाज, बिच्छू एवं सर्प दंश का इलाज,
• हृदयघात, छाती में भारीपन / दबाव/ असुविधा या दर्द, गंभीर संक्रमण, साँस फूलना, मलेरिया डेंगू,
• तेज धड़कन, लकवा / पैरालिसिस, अचानक चक्कर आना, गंभीर संक्रमण आदि,
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
यूरोलॉजी विभाग (मूत्र एवं किडनी रोग)
जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
डॉ. प्रदीप जैन
M.B.B.S, M.S, MCh Urology (Mumbai) Urologist, Andrologist & Renal Transplant Surgeon
• किडनी, मूत्रनली एवं पेशाब के थैली में पथरी (PCNL, URSL, SPCL, PCCL, RIRS)
• गुर्दा एवं पेशाब की थैली का कैंसर, प्रोस्टेट का बढ़ जाना (TURP),
• पेशाब का बार बार आना व कन्ट्रोल न होना, • पेशाब में खून व मवाद आना व जलन होना,
• पेशाब में रूकावट व जलन, • महिलाओं में खांसने व छींकने से पेशाब लिक होना,
• किडनी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, • पेशाब की नली में सिकुड़न व पतली धार होना,
• पुरुष नपुंसकता व बॉझपन, ए.वी. फिस्टुला ऑपरेशन (डायलिसिस हेतु)
• अत्याधुनिक दूरबीन, लेज़र से पथरी व प्रोस्टेट का ऑपरेशन (बिना चिर फाड़ के)
• कैंसर (गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली व टेस्टिस के कैंसर का ऑपरेशन,
सुविधाएं
दूरबीन पद्धति से मूत्ररोग के सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

## आयुष्मान कार्ड आधार अपडेट करने हेतु निगम चलाएगा विशेष अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



राज्य शासन के दिशा-निर्देशों के तहत नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्रांतर्गत आयुष्मान कार्ड आधार अपडेट किए जाने हेतु 12 जून से पांच दिवसीय विशेष अभियान चलाया जाएगा। इसके तहत अंतर विभागीय दलों द्वारा प्रातः 8 बजे से शाम 6 बजे तक घर-घर पहुंचकर उक्त संबंध में आवश्यक कार्यवाही की जाएगी, इस हेतु अधिकारी कर्मचारियों की वार्डवार ड्यूटी लगाई गई है।

राज्य शासन के निर्देशानुसार आयुष्मान कार्ड आधार अद्यतन करने की कार्यवाही एक विशेष अभियान चलाकर की जानी है। कोरबा जिला कलेक्टर अजीत वसंत के मार्गदर्शन एवं आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई के दिशा-निर्देशन में नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत 12, 13, 15, 19 एवं 20 जून को यह अभियान चलाया जाएगा, इस हेतु गठित अंतरविभागीय दल में शामिल अधिकारी, कर्मचारी घर-घर पहुंचकर आयुष्मान कार्ड आधार अद्यतन किए जाने की कार्यवाही संपादित कराएंगे। इस संबंध में आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई ने अंतरविभागीय दलों का गठन करते हुए वार्डवार अधिकारी कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई है तथा उन्हें पूर्ण निष्ठा व तत्परता से त्रुटिरहित आयुष्मान कार्ड आधार अपडेट किए जाने की कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। इन अंतरविभागीय दलों में नगर निगम कोरबा, स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग आदि के अधिकारी कर्मचारियों के साथ-साथ मितानिन, स्व-सहायता समूह के सदस्यों एवं सामुदायिक संगठकों को शामिल करते हुए उन्हें दायित्व सौंपे गए हैं।

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
दंत रोग विभाग
जिले की प्रथम एवं एकमात्र ऑर्थोडोंटिस्ट
डॉ. सुमिता जैन
B.D.S, M.D.S-Orthodontics & Dentofacial Orthopedics (GOLD MEDALIST), M.P.H
दन्त एवं मुख रोग विशेषज्ञ
• दांतों से सम्बंधित सभी प्रकार के समस्याओं का इलाज
• दाँतों की नसों का ईलाज (Root Canal Treatment - RCT), दर्द रहित दांत निकालना,
• टेढ़े-मेढ़े व बाहर निकले दाँतों एवं जबड़ों का ईलाज (BRACES),
• हड्डी में फिक्स होने वाली बत्तीसी (IMPLANT), निकालने लगाने वाली बत्तीसी (DENTURES),
• आधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई, कृत्रिम दाँत लगाना, लेज़र द्वारा दाँतों में मसाला भरना,
• मुँह न खुलने व कम खुलने का ईलाज, मुँह के छालों का ईलाज (OSMF)
• दाँतों का एक्स-रे, दाँतों की ब्लीचिंग एवं व्हाइटनिंग,
• मुँह व दाँत सम्बंधित अन्य सभी बिमारियों का ईलाज, बच्चों के दंतरोगों का समूर्ण ईलाज
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

**कार्यालय ग्राम पंचायत पचरी जनपद पंचायत नवागढ़ जिला - जांजगीर चांपा (छ.ग.)**

क्रं./क/मत्स्य पालक/2024
पचरी दिनांक 11/02/2024

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत पचरी जनपद पंचायत नवागढ़ जिला जांजगीर चांपा छ.ग. के अधीनस्थ अमहा तालाब खसरा नंबर 147 कुल रकबा 0.6030 हेक्टेयर एवं पैठू तालाब खसरा नं. 93 में रकबा 1.00 एकड़ को मछली पालन पालन के लिए 10 वर्षीय पट्टे पर दिया जाना है। इच्छुक मछुआ सहकारी समिति मछुआ समूह, मछुआ व्यक्ति, बीपीएल हितग्राही, स्व सहायता समूह, अपना आवेदन दिनांक 26/06/2024 तक कार्यालयीन समय में अपना आवेदन कार्यालय ग्राम पंचायत में सुबह 10:30 से शाम 5:30 बजे तक जमा कर सकते है। उसके पश्चात प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

टीप : 1. चयन की प्राथमिकता क्रम शासन के नियमानुसार होगी।
2.नियम एवं शर्ते ग्राम पंचायत कार्यालय के कार्यालीयन समय में देखी जा सकती है।

**सरपंच/ सचिव
ग्राम पंचायत पचरी
जनपद पंचायत नवागढ़
जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.)**

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी पामगढ़, जिला-जांजगीर चांपा (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

क्रमांक/962/स्टेनो/अ.वि.अ./2024
ग्राम राहौद, प.ह.नं.-23, तहसील पामगढ़ जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका वर्षा श्रीवास पति नागेश कुमार श्रीवास जाति नाई साकिन राहौद तहसील पामगढ़ जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) द्वारा ग्राम राहौद तहसील पामगढ़ में स्थित अपने भूमिस्वामी हक की भूमि ख.नं.-1229/4 रकबा 0.03 एकड़ भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु पुनः निर्धारण/व्यपवर्तन कराने बाबत आवेदन पत्र पेश किया गया है। उक्त भूमि के आवासीय प्रयोजन पुनः निर्धारण / व्यपवर्तन किये जाने में किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो वह लिखित रूप से दिनांक 26/06/2024 के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से आज दिनांक 11/06/2024 को जारी किया गया।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
पामगढ़**

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी(रा.) मालखरौदा जिला सक्ती (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र./ /अ-2/2023-24
ग्राम मोहतरा तहसील मालखरौदा

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक चन्द्रनारायाण सिह पिता धनंजय निवासी मोहतरा तहसील मालखरौदा जिला सक्ती (छ.ग.) द्वारा अपने स्वयं की भूमि स्वामी हक की भूमि ग्राम मोहतरा तहसील मालखरौदा जिला-सक्ती (छ.ग.) में अवस्थित भूमि खसरा नं. 174/2 रकबा 0.401 हे. भूमि को औद्योगिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने आवेदन पेश किया गया है।

अतः आवेदक के उक्त भूमि का औद्योगिक प्रयोजन हेतु पुनर्निधारण किये जाने पर जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति इस न्यायालय में दिनांक 14/6/24 तक स्वयं या अधिवक्ता के जरिये उपस्थित होकर विधि अनुसार लिखित रूप से आपत्ति पेश कर सकते हैं नियत तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 29/5/24 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील, मूहर लगाकर जारी किया गया।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
मालखरौदा
जिला सक्ती (छ.ग.)**

## बालको ने कराया छात्रों को शैक्षणिक भ्रमण




हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बालको ने जिला प्रशासन के दिशा निर्देशानुसार अपने संयंत्र परिसर और चोटिया कोयला खादान में स्कूल के छात्र एवं छात्राओं को शैक्षणिक भ्रमण कराया। विद्यार्थियों के ज्ञान में वृद्धि तथा देश के औद्योगिक विकास को व्यापक रूप से समझने के लिए शैक्षणिक भ्रमण का कार्यक्रम आयोजित की गई। कोरबा जिलाधिकारी अजीत वसंत के दिशा-निर्देशन में जिले के विद्यार्थियों को शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। बच्चे इंजीनियरिंग व विज्ञान के विभिन्न पहलुओं को देखकर सीख सकें। लगभग 240 छात्रों ने अलग-अलग दल में बालको का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस तरह के भ्रमण से विद्यार्थियों में वैज्ञानिक और तकनीकी एवं नवाचार की सोच विकसित होगी। क्लासरूम से बाहर जाकर बड़े-बड़े औद्योगिक कार्यस्थल के अवलोकन से शिक्षा के प्रति उनकी अभिरूचि भी बढ़ेगी। कंपनी में आने वाले सभी विद्यार्थियों को पूरे संयंत्र का भ्रमण कराया जिसमें कंपनी के महत्वपूर्ण कार्यों को विस्तार से बताया गया।

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
• लेप्रोस्कोपी विधि द्वारा बच्चेदानी का ऑपरेशन, 24 घंटे नॉर्मल डिलीवरी और सीजीरियन डिलीवरी,
• बार बार गर्भपात होने का इलाज, बच्चेदानी की बंद ट्यूब को खोलना,
• बच्चेदानी की सफाई, मासिक सम्बन्धी बिमारियों का ईलाज,
• नसबंदी, युरिनरी समस्याएं, अनियंत्रित रक्त रिसाव, असमान्यतौर पर अचानक से रक्त का बहाव बढ़ जाना,
• बहुत ज्यादा पसीना आना, स्तन में गठान, गर्भावस्था की सम्पूर्ण जाँच,
• परिवार नियोजन सम्बन्धी सुविधाएँ, PCOD का ईलाज, सफ़ेद पानी (ल्यूकोरिया) का ईलाज,
• बच्चेदानी थैली, ओवरी के कैंसर व गठान का ईलाज,
• अन्य महिलाओं सम्बंधित बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन,
24/7 EMERGENCY SERVICES
सुविधाएं
सोनोग्राफी की सुविधा प्रसवपूर्व जाँच एवं परामर्श
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जनरल सर्जरी, हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग
• पेट से सम्बंधित सारी बिमारियों का इलाज, आपेंडेक्टमी, गैलब्लैडर ऑपरेशन, हाइड्रोसील, बवासीर (पाइल्स),
• फिस्टुला, फिसर, आंतो की रुकावट, हार्निया ऑपरेशन, आंत-गुदा सम्बंधी ऑपरेशन,
• आंतों का फटना, वर्सेक्टमी, पुरुष एवं महिला नसबंदी, हेमोरोइड सर्जरी, थायरॉइड सर्जरी,
• सरकम सीज़र (ख़तना), ब्रेस्ट (स्तन) कैंसर, पेट एवं मुँह के कैंसर रोग सर्जरी, पित्त की थैली (गॉलब्लेडर) की
• पथरी का ऑपरेशन, बच्चों के समस्त ऑपरेशन
• एक्सीडेंटल व ट्रॉमा का ईलाज, घुटने और कूल्हे की सर्जरी व प्रत्यारोपण,
• हड्डी टूटने के सर्जरी, पैर और पैर की उँगलियों की सर्जरी, सल्य विधि से स्कोलियोसिस का सर्जरी,
• शोल्डर और बाजु की सर्जरी, कमर दर्द एवं साइटिका, ऑर्थराइटिस,
• गठिया, हड्डी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, बच्चों के समस्त हड्डी रोग का इलाज,
सुविधाएं
मॉड्युलर ऑपरेशन थियेटर, सर्जिकल आई.सी.यू., आई.सी.यू., मेल- फीमेल वार्ड, वातानुकूलित प्राइवेट एवं सेमी प्राइवेट रुम आदि.
15 किलोमीटर तक एम्बुलेंस सुविधा मुफ्त भर्ती मरीज हेतु
सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा
सोनोग्राफी, एक्स-रे, सी- आर्म, पैथोलेब, फार्मेसी, ई.सी.जी. ई. ई.जी. इस्पाइरोमेट्री एम्बुलेंस सुविधाएँ.
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

12 - June -Jas-cori-janj-Bhoomi pg- 3_Layout 1 6/12/2024 8:30 PM Page 1





# सलमान की पहली पेंटिंग 'यूनिटी-1' बिकने को है तैयार

**मुंबई।** बॉलीवुड के कई स्टार्स अभिनय के अलावा कई और चीजों में भी महारत रखते हैं। कुछ एक्टर होने के साथ-साथ अच्छे गायक होते हैं तो कुछ अच्छे डांसर। ऐसे ही फिल्म इंडस्ट्री में भाई जान के नाम से मशहूर सलमान खान अभिनय के अलावा पेंटिंग भी करते हैं। अक्सर अपने सोशल मीडिया हैंडल से वे अपने इस शौक के बारे में अपने फैंस को बताते भी रहते हैं। वहीं, अब भाई जान के दीवानों के लिए एक बड़ी खबर आई है। हाल ही में अभिनेता ने अपने सोशल मीडिया हैंडल से बताया है कि उनकी पहली पेंटिंग जिसका नाम 'यूनिटी 1' है वह बिकने को तैयार है।

लाइफ Style



# कंगना

## हमारी सोच की नहीं है कोई सीमा

एजेंसी ▶▶ मुंबई

कंगना ने अपनी स्टोरी पर लिखा, 'हम वो लोग नहीं हैं, जिनके लिए कार्यालय इस समय शुरू होता है और इस समय समाप्त होता है। हम वो लोग नहीं हैं, हम समय से बंधे नहीं हैं, हमारी सोच की कोई सीमा नहीं है और हमारे प्रयासों के लिए कोई मापदंड नहीं है।'

कंगना रणौत अपनी प्रोफेशनल लाइफ के अलावा अपनी निजी जिंदगी को लेकर काफी चर्चा में रहती हैं। इसके अलावा अभिनेत्री अपने बयानों को लेकर भी सुर्खियों में छाई रहती हैं। अब हाल ही में, अभिनेत्री ने वर्क कल्चर को लेकर कुछ ऐसा लिखा है, जिसे सुन आपकी भी बेचैनी बढ़ जाएगी। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पोस्ट पर दिल्ली में पीएमओ में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन के वीडियो को शेयर कर अपनी बात रखी है। कंगना ने अपनी स्टोरी पर लिखा, 'हम वो लोग नहीं हैं, जिनके लिए कार्यालय इस समय शुरू होता है और इस समय समाप्त होता है। हम वो लोग नहीं हैं, हम समय से बंधे नहीं हैं, हमारी सोच की कोई सीमा नहीं है और हमारे प्रयासों के लिए कोई मापदंड नहीं है।'

उन्होंने आगे लिखा, 'हमें जुनूनी वर्क कल्चर को सामान्य बनाने और वीकेंड की प्रतीक्षा करने और सोमवार के मीम्स पर रोना बंद करने की आवश्यकता है। यह सब पश्चिमी ब्रेनवॉश है... हम अभी तक एक विकसित राष्ट्र नहीं हैं... हम बिल्कुल भी उबाऊ और आलसी नहीं हो सकते हैं।'

## हॉलीवुड मसाला



# 'वेक अप डेड मैन' की शूटिंग शुरू

**लॉस एंजिलिस।** अभिनेता डेनियल क्रेग की आगामी फिल्म 'वेक अप डेड मैन' की इन दिनों शूटिंग चल रही है। ये फिल्म 'नाइफ्स आउट' फ्रेंचाइजी की अगली किस्त है। दर्शकों को इसका बेसब्री से इंतजार है। दर्शकों का उत्साह बढ़ाते हुए निर्देशक रियान जॉनसन ने सेट से डेनियल क्रेग की एक तस्वीर साझा की है। डेनियल फिल्म में अहम भूमिका निभाते हुए दिखाई देंगे। निर्देशक रियान जॉनसन ने 'वेक अप डेड मैन' के सेट से डेनियल क्रेग की एक तस्वीर साझा करते हुए लिखा, 'और हम चल पड़े!




# एबी को गोद लेना चाहते थे विल स्मिथ

**लॉस एंजिलिस।** अभिनेता विल स्मिथ को जानवरों से काफी प्यार है। अकादमी पुरस्कार विजेता ने 2007 की फिल्म 'आई एम लीजेंड' में अपने कुत्ते एबी को याद किया और कहा कि वह एक शानदार कलाकार थी। अभिनेता ने बताया कि उन्होंने जर्मन शेफर्ड को गोद लेने की कोशिश की थी, जो कि ब्लॉकबस्टर में उनसे आगे निकलने के लिए जानी जाती थी। विल स्मिथ ने एक बातचीत के दौरान कहा, 'ऐसा लगता था जैसे एबी अंग्रेजी बोलती थी। वह सचमुच आपको समझ सकती थी, यह सबसे अजीब बात थी।' उन्होंने कहा कि दुर्भाग्य से वह एबी को घर नहीं ले जा सके, क्योंकि वह अपने परिवार की कमाने वाली थी। इसीलिए उसे यहीं रहना पड़ा।



# शूटिंग से चार दिन पहले निकाली गई थीं

**नई दिल्ली।** टिस्का चोपड़ा हिंदी फिल्मों की जानी पहचानी अभिनेत्री हैं। उन्हें आमिर खान द्वारा निर्देशित और निर्मित फिल्म 'तारे जमीन पर' के लिए जाना जाता है। हाल में वह थ्रिलर फिल्म 'मर्डर मुबारक' में नजर आई थीं। हाल में ही अभिनेत्री ने फिल्म इंडस्ट्री में हुए बुरे अनुभव को लेकर बात की है। एक इंटरव्यू के दौरान उन्होंने बताया कि उन्हें साल 2016 में एक बुरे अनुभव से दो चार होना पड़ा था। वह एक प्रौजेक्ट पर काम कर रही थीं, लेकिन शूटिंग से चार दिन पहले उन्हें किसी युवा अभिनेत्री से बदल दिया गया। उन्होंने कहा, 'साल 2016 में एक निर्देशक के साथ मैं काम करने वाली थी, जिसे लेकर हमने तैयारी, वेशभूषा, डायलॉग्स पर काम करना भी शुरू कर दिया था, लेकिन शूटिंग से चार दिन पहले उन्होंने मुझे बताया कि वह किसी युवा अभिनेत्री के साथ इसे आगे बढ़ा रहे हैं।



# परेशान होकर फेंक देना चाहते थे फोन...

**मुंबई।** अमिताभ बच्चन ने अपने एक ब्लॉग पर पोस्ट किया कि वह अपने फोन से बहुत अधिक परेशान और निराश हो चुके हैं। 'कल्कि 2898 एडी' के ट्रेलर रिलीज के बाद उन्होंने लिखा, 'मैं अपने फोन को ठीक करने की पूरी कोशिश कर रहा हूं और जो पहले सेटिंग थी, वह अचानक बदल गई, इसलिए हर तरफ से मदद लेने की कोशिश की और असफल रहा। बहुत निराशाजनक, मैं अंग्रेजी और हिंदी टाइपिंग करना चाहता था, अंग्रेजी में टाइप करके, हिंदी शब्द और यह देवनागरी में आता है, लेकिन कई घंटों तक प्रयास करने के बाद अब मैं अपने फोन को खिड़की से बाहर फेंककर तोड़ने के बहुत करीब हूं'। बाद में अमिताभ ने यह भी लिखा, 'नहीं नहीं नहीं... ऐसी किस्मत नहीं... बस गुस्सा निकाल रहा हूं।'

## टीवी मसाला



# अब्दु का निकाह हुआ पोस्टपोन

**नई दिल्ली।** 'बिग बॉस 16' फेम और सभी के दुलारे अब्दु रोजिक का निकाह पोस्टपोन हो गया है। अब्दु पहले 7 जुलाई को मंगेतर अमीरा से निकाह करने वाले थे। लेकिन अचानक इसे टालने का फैसला लिया गया है। सोशल मीडिया सनसनी और सिंगर अब्दु रोजिक ने बीते महीने मई में यह घोषणा की थी कि वह निकाह पढ़ने वाले हैं। अमीरा से उनकी मुलाकात कुछ महीने पहले ही हुई है और दोनों ने साथ जिंदगी बिताने का फैसला किया है। अब्दु के इस ऐलान से जहां उनके फैंस बड़े खुश हैं, वहीं दुबई में हो रहे इस निकाह में कथित तौर पर सलमान खान भी शिरकत करने वाले थे। लेकिन फिलहाल इसे टाल दिया गया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, निकाह को टालने की वजह अब्दु रोजिक का करियर है। दरअसल, अब्दु को दुबई के कोका कोला एरिना में 6 जुलाई को होने वाली टाइटल बॉक्सिंग फाइट के लिए न्योता मिला है। यह पहली बार जब अब्दु को फाइट के लिए बुलाया गया है और वह इसे मिस नहीं करना चाहते हैं। अब्दु ने निकाह के पोस्टपोन होने पर कहा, 'मैंने कभी नहीं सोचा था कि मुझे जीवन में किसी टाइटल के लिए लड़ने का मौका मिलेगा। यह साल मेरे करियर और मेरी लव लाइफ के लिए इतनी सारी अच्छी चीजें लेकर आया है। लेकिन दुर्भाग्य से, इस कारण मुझे अपने निकाह को कुछ वक्त के लिए टालना होगा, क्योंकि यह मैच हमें भविष्य के लिए बहुत बड़ी फाइनेंशियल सिक्योरिटी देगा।'

## सोनम खान तीन दशक बाद करने जा रही हैं कमबैक...



**नई दिल्ली।** 90 के दशक में फिल्म 'त्रिदेव' के सॉन्ग 'तिरछी टोपी वाले' गाने से रातों रात स्टार बनने वालीं सोनम खान लंबे समय बाद कमबैक को लेकर चर्चा में हैं। खबर मिली है कि सोनम खान बिग बॉस ओटीटी के अपकमिंग सीजन से ग्लैमर की दुनिया में वापसी कर सकती हैं। कहा जा रहा है कि 'विश्वात्मा' एक्ट्रेस सोनम खान करीब 3 दशक के गैप के बाद इस इंडस्ट्री में लौटने की तैयारी कर रही हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक, सोन 'बिग बॉस ओटीटी 3' के घर के अंदर एंट्री मारने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। कहा जा रहा है कि सोनम इस घर में बतौर कंटेस्टेंट एंट्री लेने जा रही हैं और यहीं से करीब 3 दशक के लंबे गैप के बाद वो फिर से शुरुआत कर रही हैं।

# उर्फी ने आलिया व सारा पर किया अटैक?



**नई दिल्ली।** उर्फी जावेद अपने कपड़ों और ड्रेसिंग सेंस के अलावा बेबाक अंदाज के लिए भी चर्चित रहती हैं। लेकिन इस बार उन्होंने उन फिल्मी हस्तियों को निशाने पर ले लिया है, जो ऑडियंस के साथ कनेक्ट करने के लिए मिडल क्लास होने का नाटक करते हैं। माना जा रहा है कि उर्फी ने इसके बहाने सारा अली खान और आलिया भट्ट को टारगेट किया है। उर्फी जावेद ने कहा, 'जब अमीर मशहूर हस्तियां यह दिखावा करती हैं कि उनकी परवरिश मिडल क्लास परिवार में हुई और बहुत खराब थी, तो मुझे अंदर तक चिढ़ होती है। हम जानते हैं कि तुम अमीर थे। हम बिल्कुल मिडल क्लास थे। हमने कभी फर्स्ट क्लास फ्लाई नहीं किया। हम इकॉनमी में फ्लाई करते थे। अरे हमने कभी प्लेन नहीं देखा था यार। तुम कैसी बातें कर रहे हो यार? उर्फी जावेद ने आगे कहा, 'जब अमीर हस्तियां मिडल क्लास की तरह नाटक करती हैं, तो वो दर्शकों के साथ जुड़ने की बहुत कोशिश करती हैं कि मैं कितनी गरीबी थी। यहां तक कि अब भी वो मिडल क्लास जैसा बर्ताव करती हैं कि मैं खर्चा नहीं करती। मैं बहुत कंजूस हूं। तो तुम कमा क्यों रही हो? तुम नौकरी कर लो। नाटक पसंद नहीं है मुझे। बस जो हो, वो रहो न। पैसा होना और उसे खर्च करना ठीक है।' उर्फी जावेद ने अपने इस बयान में कहीं किसी सेलेब या एक्ट्रेस का नाम नहीं लिया, पर माना जा रहा है कि निशाना आलिया भट्ट और सारा अली खान पर था।

# डिप्रेशन में थे डायरेक्टर, बंगाली फिल्म से मिला आइडिया

## एक करोड़ में बनी फिल्म से थर्रा उठा था बॉक्स ऑफिस

**मुंबई।** 70 के दशक को 'हिंदी सिनेमा का 'स्वर्ण युग' कहा जाता हैं। उन दिनों बॉलीवुड ने कई ऐसी फिल्में दीं, जो बाद में क्लासिक बन गईं. 70s में फैमिली ड्रामा से लेकर मसाला और कॉमेडी फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर राज किया था। आज हम आपको एक ऐसी क्लासिक फिल्म के बारे में बताते हैं, जिसे 40 दिनों में शूट किया गया था और फिर फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा दिया था। आज से 45 साल पहले एक ऐसी फिल्म आई थी, जिसे ना सिर्फ दर्शकों ने पसंद किया बल्कि बॉक्स ऑफिस पर भी छप्परफाड़ कमाई हुई थी। दिलचस्प बात ये है कि डायरेक्टर को एक बंगाली फिल्म देखने के दौरान फिल्म का आइडिया आया था और उस वक्त वह डिप्रेशन से जूझ रहे थे। रिलीज के बाद फिल्म कल्ट क्लासिक साबित हुई। हम जिस मूवी का बात कर रहे हैं उसका नाम है 'गोल माल।' साल 1979 में रिलीज हुई इस फिल्म में अमोल पालेकर, बिंदिया गोस्वामी, उत्पल दत्त और देवेन वर्मा जैसे सितारों ने अहम भूमिका निभाई थी। इसका फिल्म का



डायरेक्शन ऋषिकेश मुखर्जी ने किया था। राही मासूम रजा और सचिन भौमिक ने मिलकर फिल्म की कहानी लिखी थी। दिलचस्प बात ये है कि ऋषिकेश मुखर्जी ने सिर्फ 40 दिनों में फिल्म की शूटिंग कंप्लीट कर ली थी। उन्होंने खुलासा किया था कि 'गोल माल' के कुछ सीन्स को छोड़कर पूरी फिल्म बांद्रा स्थित उनके बंगले अनुपमा में शूट की गई थी। अमोल पालेकर, उत्पल दत्त और बिंदिया गोस्वामी की फिल्म 'गोल माल' को बनाने में 1 करोड़ रुपए खर्च हुए थे।

### एक झूठ को छुपाने के लिए उसे कई झूठ बोलने पड़ते हैं

ऋषिकेश मुखर्जी के निर्देशन में बनी 'गोल माल' की कहानी राम प्रसाद शर्मा (अमोल पालेकर) के इर्द गिर्द घूमती है, जो अपनी नौकरी को बचाने के लिए सिर्फ एक झूठ बोलता हैं। उसके बाद स्थिति ऐसी बन जाती है कि उस एक झूठ को छुपाने के लिए उसे कई झूठ बोलने पड़ते हैं। बॉलीवुड हंगामा की एक रिपोर्ट के अनुसार, ऋषिकेश मुखर्जी ने अमिताभ बच्चन के साथ फिल्म 'अलाप' बनाई थी, जिसे क्रिटिक्स ने खूब सराहा था, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर फिल्म पिट गई थी। ऋषि ऋषिकेश मुखर्जी ने कहा, 'मैं पूरी तरह टूट गया था और कई महीनों तक डिप्रेशन से जूझता रहा। इससे बाहर निकलने के लिए मैंने एक कॉमेडी मूवी बनाने का फैसला किया। ऋषिकेश मुखर्जी ने आगे बताया कि अपने खराब दिनों के दौरान उन्होंने कांचा मीठा (खट्टा और मीठा) नाम की एक बांग्ला फिल्म देखी, जिसमें हीरो कहानियां गढ़ता था और एक झूठ को छुपाने के लिए कई कहानियां बनाता हैं।

## लिस्ट में अक्षय-आमिर समेत ये नाम शामिल

# बी-टाउन के इन सितारों को नहीं पसंद है पार्टियों में जाना

***मुंबई।** बॉलीवुड सितारों की लाइफ काफी रंगीन होती है। ये सितारे वैसे तो अपने काम में बेहद बिजी रहते हैं। मगर जब भी इन्हें वक्त मिलता है, तो ये पार्टी करना का मौका नहीं छोड़ते हैं। बी-टाउन में आए दिन कोई न कोई पार्टी होती ही रहती है और ये पार्टियां देर रात तक चलती हैं। मगर इंडस्ट्री में ऐसे भी कई सितारे हैं, जो पार्टियों से दूरी बनाकर रखते हैं। इन सितारों का बॉलीवुड की देर-देर तक चलने वाली पार्टियों का हिस्सा बनना पसंद नहीं है।*



**अक्षय कुमार :** बॉलीवुड के खिलाड़ी अक्षय कुमार का नाम इस लिस्ट में सबसे पहले आता है। अक्षय ज्यादातर पार्टियों से दूर रहना ही पसंद करते हैं। खिलाड़ी कुमार हर चीज समय के हिसाब से करते हैं। बॉलीवुड की पार्टियां देर रात में होती हैं और अभिनेता समय पर सो जाते हैं। इसलिए वह पार्टियों से दूर ही रहते हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, कई बार तो वह पार्टी शुरू होने से पहले जाकर आठ बजे तक घर भी वापस आ जाते हैं।



**आमिर खान :** बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट रहे जाने वाले आमिर खान का नाम भी इस लिस्ट में शामिल है। आमिर खान को भी पार्टियों में जाना ज्यादा पसंद नहीं है। वह ज्यादातर समय अपने काम और अपनी फिल्मों को देते हैं। ऐसे वह भी बॉलीवुड की पार्टियों से दूर ही रहते हैं।



**जॉन अब्राहम :** बॉलीवुड अभिनेता जॉन अब्राहम इंडस्ट्री के जाने-माने सितारों में से एक हैं। जल्द ही वह फिल्म 'वेदा' में नजर आएंगे। जॉन अब्राहम का नाम भी पार्टियों में न शामिल होने वाले सितारों की लिस्ट में शामिल है। जॉन को किसी पार्टी में नहीं देखा जाता है। अभिनेता को भी बी टाउन की पार्टियों में शामिल हो पसंद नहीं है।

## इन सितारों की हरकतों से हुआ पड़ोसियों की नाक में दम



**मुंबई।** बॉलीवुड के की सितारे अपनी बेहतरीन फिल्मों और अदाकारी के लिए जाने जाते हैं। कुछ फैंस अपने अच्छे व्यवहार के लिए मशहूर हैं, लेकिन हिंदी सिनेमा में कुछ सितारे ऐसे भी हैं, जो दूसरों के लिए परेशानी का सबब बन गए थे। ऐसे में आज हम आपको कुछ ऐसे सितारों के बारे में बता रहे हैं, जिनकी वजह से उनके पड़ोसी परेशान हुए हैं और उनके खिलाफ शिकायत भी की है।

***प्रीति जिंटा :*** अपने जमाने की सबसे क्यूट एक्ट्रेस प्रीति जिंटा के पड़ोसियों ने साल 2015 में शिकायत की थी। लोगों ने कहा था, प्रीति अपने स्टार स्टेटस का नाजायज फायदा उठाती हैं। उनके पड़ोसियों का कहना था कि प्रीति अपने बाउंसर्स के साथ बगीचे और स्विमिंग पूल में जाती हैं, और जब तक प्रीति पार्क या स्विमिंग पूल में होती हैं तब तक उनके बाउंसर्स पार्क या स्विमिंग पूल में दूसरे बच्चों को नहीं आने देते हैं।

***करीना कपूर :*** बॉलीवुड एक्ट्रेस करीना कपूर खान का नाम भी इस लिस्ट में शामिल है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक एक्ट्रेस ने जब अपने घर पर साल 2016 में फिल्म की सक्सेस पार्टी का आयोजन किया था, जब उस दौरान वहां काफी हंगामा हुआ। जिससे परेशान होकर पड़ोसियों ने पुलिस को बुला लिया था।

***शाहिद कपूर :*** अक्सर फिल्मों में शांत नजर आने वाले शाहिद कपूर भी असल जिंदगी में अपने पड़ोसियों को परेशान कर चुके हैं। खबरों के मुताबिक एक्टर जब जुहू स्थित अपने घर को ठीक करवा रहे थे, तब वहां काम करने वाले मजदूरों ने आसपास के लोगों को परेशान कर दिया था, जिसके बाद पड़ोसियों ने पुलिस में शिकायत तक दर्ज करवा दी थी।

***शक्ति कपूर :*** बॉलीवुड के जाने माने अभिनेता शक्ति कपूर पर एक बार इल्जाम लगा था कि उन्होंने लिफ्ट में पेशाब कर दी थी और कॉरिडोर में बिना कपड़ों के घूमते थे। शक्ति कपूर के पड़ोसियों ने उनके खिलाफ मामला थाने में दर्ज करवाया था, इसके बाद शक्ति कपूर ने अपनी गलती मानते हुए पड़ोसियों से माफी मांगी थी।

## खबर संक्षेप

### समर कैंप में उत्कृष्ट कार्य करने पर कलेक्टर के हाथों सम्मानित हुई ममता



**चांपा।** विकासखण्ड बम्हनीडीह के शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक में शासकीय प्राथमिक शाला सोंठी की शिक्षिका ममता जायसवाल को स्वैच्छिक समर कैंप में उत्कृष्ट कार्य हेतु कलेक्टर आकाश छिकारा ने प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। कलेक्टर ने उनके द्वारा चलाये गए समर कैंप की सराहना की और समर कैंप की गतिविधियों से अवगत हुए। ग्रामीण बच्चों की प्रतिभा निखारकर उनमें हुनर विकसित करने के उद्देश्य से ममता जायसवाल स्वप्रेरित होकर पिछले दो साल से अपने घर पर ही स्वैच्छिक समर कैंप लगाती है। समर कैंप में उनके द्वारा खेल खेल में नई नई एक्टिविटी करायी जाती है जिसका लाभ गांव के कमजोर वर्ग के बच्चों को मिल रहा है। इसके पूर्व कोरोना काल मे भी उनके द्वारा बच्चों को नियमित शिक्षा प्रदान की गई थी। उनके द्वारा चलाये गए समर कैम्प में 55 - 60 बच्चें नियमित उपस्थित होकर रचनात्मक गतिविधियो से जुड़कर समर कैंप का लाभ लिए। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर ममता यादव, एसडीएम चांपा नीरनिधि नन्देहा, डीईओ अश्वनी भारद्वाज, डीएमसी राजकुमार तिवारी, बीईओ एम डी दीवान, बीआरसी हीरेन्द्र बेहार उपस्थित थे।

### शाला प्रवेशोत्सव आयोजन के लिए दो दिवसीय समीक्षा बैठक आज से

**सक्ती।** कलेक्टर अमृत विकास तोपनो के निर्देशन में जिला शिक्षा अधिकारी एन के चंद्रा द्वारा जिला सक्ती अंतर्गत जैजैपुर, डभरा, सक्ती और मालखरौदा विकासखंड में शाला प्रवेशोत्सव के आयोजन एवं आवश्यक व्यवस्थाओं हेतु 13 और 14 जून को समीक्षा बैठक ली जायेगी। कलेक्टर तोपनो द्वारा 18 जून को शाला प्रवेशोत्सव का सुव्यवस्थित आयोजन कराए जाने के निर्देश दिए गए है। प्राप्त जानकारी अनुसार 13 जून को विकासखंड जैजैपुर में सुबह 10 बजे सदभावना भवन जैजैपुर में और विकासखंड डभरा में दोपहर 01:30 बजे बी.आर.पी. भवन डभरा में बैठक आयोजित की गई है। इसी प्रकार 14 जून को विकासखंड सक्ती में सुबह 10 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में और विकासखंड मालखरौदा में दोपहर 01:30 बजे जनपद सभाकक्ष मालखरौदा में बैठक आयोजित की गई है। बैठक में विकासखंड शिक्षा अधिकारी, प्राचार्य शासकीय हाई स्कूल, हायर सेकेंडरी स्कूल, खंड स्त्रोत समन्वयक, संकुल समन्वयक व सर्व संबंधित अधिकारियों को निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान पर अनिवार्य रूप से उपस्थित होने के निर्देश दिए गए है। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा सभी विकास खण्ड शिक्षा अधिकारियों को अपने-अपने विकास खण्ड से संबंधित समस्त जानकारी का एजेण्डावार फोल्डर तैयार कर निर्धारित स्थान में उपस्थिति पंजी, बैठक व्यवस्था एवं आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए गए है।

### शिवरीनारायण अस्पताल में नेत्र चिकित्सक का पद सृजन करने की मांग

**शिवरीनारायण।** चार वर्ष पूर्व सेवानिवृत हुए स्थानीय प्रबुद्ध एवं सीनियर सिटीजन डॉक्टर ए.आर.बंजारे ने छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल को 11 जून को पत्र लिखकर यह मांग की है कि शिवरीनारायण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में नेत्र ईलाज की सुविधा प्रदान करने के लिए नेत्र सहायक अधिकारी और नेत्र चिकित्सक का पद सृजन कर नेत्र ईलाज की सुविधा प्रदान की जावे। स्वास्थ्य मंत्री को भेजे अपने पत्र में उन्होंने इस बात का भी जिक्र किया है,कि, शिवरीनारायण में निवासरत और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सलखन में पदस्थ नेत्र चिकित्सा सहायक अधिकारी ए.कांत को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिवरीनारायण में ही पदस्थ (संलग्न) कर रखा जावे। वैसे भी ए.कांत की अधिवार्षिकी आयु अवधि लगभग डेढ़ वर्ष ही शेष है। ऐसी स्थिति में एक ही स्थान पर इन्हें पदस्थ रखकर शिवरीनारायण में ही ईलाज की सुविधा मुहैया कराया जाना सुनिश्चित किया जावे। वैसे भी शिवरीनारायण ऐतिहासिक,धार्मिक, पौराणिक नगरी होने के साथ ही साथ प्रमुख व्यापारिक केंद्र है, जहां चारों दिशाओं से प्रतिदिन हजारों लोग लेन-देन करने व अपने स्वास्थ्य का ईलाज कराने के लिए आते ही रहते हैं। ऐसी स्थिति में शिवरीनारायण में नेत्र ईलाज की निरंतर सुविधा प्रदान करने की नितांत ही आवश्यकता है। अतः स्वास्थ्य मंत्री एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को चाहिए कि डॉक्टर बंजारे की मांग को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र ही समुचित कार्यवाही करते हुए क्षेत्र के लोगों को नेत्र ईलाज की सुविधा प्रदान करने की त्वरित कार्यवाही किया जावे।

## निधन

### प्रमोद सराफ



**चांपा।** स्थानीय स्टेशन रोड बरपाली चौक निवासी वरिष्ठ भाजपा नेता एवं प्रमोद मेटल स्टोर्स के संचालक प्रमोद सराफ का मंगलवार 11 जून को सायं निवास पर हृदयाघात से निधन हो गया। वे 66 वर्ष के थे। स्व. सराफ अपने पीछे पत्नी समेत दो पुत्रों का भरा - पूरा परिवार छोड़ गये है। वे क्षेत्र के वरिष्ठ भाजपा नेता तथा बम्हनीडीह जनपद पंचायत के पूर्व अध्यक्ष प्रदीप सराफ के अनुज थे। उनका अंतिम संस्कार बुधवार 12 जून को दोपहर 12:30 बजे हसदेव बेरियर के पास पीआईएल बायपास मार्ग स्थित सार्वजनिक मुक्तिधाम में किया गया जहां बड़ी संख्या में परिजन, सजातीय बंधुओं सहित गणमान्य नागरिक मौजूद थे। मुखाग्नि उनके ज्येष्ठ पुत्र डॉ. गौरव सराफ ने दी।

## करमंदी में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन

# बाल श्रम कराना दंडनीय अपराध : अग्रवाल



लोगों को जानकारी देती जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव प्रियंका अग्रवाल।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर बुधवार 12 जून को नवागढ़ ब्लॉक के ग्राम पंचायत करमंदी में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजिन किया गया।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव प्रियंका अग्रवाल के द्वारा उपस्थित लोगों को बाल श्रम निषेध दिवस मनाए जाने के उद्देश्य का जानकारी देते हुए बच्चों को किसी भी औद्योगिक कारखाने या सार्वजानिक खतरनाक जगहों पर कार्य में शामिल नहीं करने बाल श्रम प्रतिषेध अधिनियम के बारे में जानकारी देते हुए बाल श्रम कराना एक दंडनीय अपराध है। आप किसी भी बच्चें के अनिवार्य शिक्षा के अधिकार से वंचित नहीं कर सकते है वह उनका अधिकार है बल व मजदूरी से होने वाले नुकसान के संबंध में जानकारी देते हुए बच्चें की निरंतर शोषण से बच्चों पर गंभीर अल्पकालीन और दीर्घकालीन दुष्परिणाम होते हैं जिसमें शिक्षा से वंचित हो जाना उनका शारीरिक व मानसिक विकास न होने देना और अन्य प्रभव भी पड़ता है ज्यादातर बल श्रम रोकथाम माता-पिता अभिवावक के ही हाथ मे होते है साथ ही लोगों को बल श्रम नहीं कराने के संबंध में जानकारी देते हुए भारतीय संविधान, शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009, आदिवासियों के अधिकारों के संरक्षण व प्रवर्तन के लिए विधिक सेवा योजना, बच्चों के मैत्रीपूर्ण विधिक सेवाएं और उनके संरक्षण के लिए विधिक सेवा योजना व अन्य कानूनी जानकारी दिया गया। पैनल अधिवक्ता विद्या राठौर, लक्ष्मी प्रसाद जायसवाल ने भी लोगों को जागरुक किया। जागरुकता शिविर में पैरालीगल वालेटिंयर जयराम गढ़वाल, संरपच इतवार सिंह व ग्रामवासी उपस्थित रहें।

### आरसमेटा में जागरुकता शिविर

**मुलमुला।** विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर 12 जून को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष व जिला एवं सत्र न्यायाधीश शक्ति सिंह राजपूत तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जांजगीर के सचिव श्रीमती प्रियंका अग्रवाल के दिशा निर्देशन एवं तालुका विधिक सेवा समिति पामगढ़ के अध्यक्ष व न्यायिक मजिस्ट्रेट पामगढ़ श्रीमती शीलू केसरी के मार्गदर्शन में ग्राम पंचायत आरसमेटा में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर को संबोधित करते हुए पीएलवी गजानंद प्रसाद कश्यप ने कहा कि विश्व बाल श्रम निषेध दिवस पूरे विश्व में हर वर्ष 12 जून को मनाया जाता है। इस दिवस को मनाने का मकसद चाइल्ड लेबर के सभी रूपों को रोकने के लिए लोगों को जागरूक करना है। इसे हर वर्ष एक नई थीम के साथ मनाया जाता है। वर्ष 2024 की थीम अपनी प्रतिबद्धताओं पर कार्य करें बाल श्रम समाप्त करें, निर्धारित की गई है। आज का दिन खास है बाल श्रम को रोकने के लिए हम सभी को संकल्पित होना चाहिए। नालसा की योजनाओं के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि तस्करी और वाणिज्य यौन शोषण पीड़ितों के लिए विधि सेवा, विकलांग बच्चों के लिए विधिक सेवाएं योजना, गरीबी उन्मूलन योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन के लिए विधिक सेवाएं, स्पॉन्सरशिप योजना, बाल विवाह निवारण अधिनियम, माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिकों के भरण पोषण अधिनियम, प्रथम सूचना रिपोर्ट, निशुल्क कानूनी सहायता, नालसा निशुल्क हेल्पलाइन नंबर 15100, महिला हेल्पलाइन नंबर 1091, 13 जुलाई में आयोजित होने वाले लोक अदालत आदि के संबंध में जानकारी दी गई। इस अवसर पर ग्राम सरपंचशशिकांत जगत, गंगा केंवट, शतरूपा मानिकपुरी, सावित्री प्रजापति, जमुना कें वट, भारती गोंड,लक्ष्मी जगत, बबीता गोंड, जानकी केंवट, शैल ,ममता, भारती यादव, अनीता केवट, कविता, मोहनमति, सतरूपा मानिकपुरी ,बिंदु मानिकपुरी, अंजनी, रुक्मणी, आरती, संगीता, सविता मानिकपुरी, सहित बड़ी संख्या में महिलाएं एवं बच्चे उपस्थित रहे।



## बोर खराब व पाइप लाइन में लिकेज पानी के लिए भटक रहे लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

सिंचाई कॉलोनी जगदल्ला के लोग इन दिनों पेयजल की समस्या से जूझ रहे है। बताया जाता है कि यहां तीन बोर है। तीन में से एक बोरवेल चार पांच माह से खराब पड़ा हुआ हैं। वहीं पाइप लाइन पुराना होने से जगह-जगह लिकेज हो रहा है। इस कारण लोगों के घरों में पानी ठीक से सप्लाई नहीं हो पा रहा हैं।

**खास बात**
- सिंचाई कालोनी जगदल्ला का मामला

सिंचाई कालोनी जगदल्ला में इन दिनों पानी की भारी किल्लत है। कॉलोनी के रहवासियों को पेयजल के लिए इधर उधर भटकना पड़ रहा हैं। कॉलोनी में तीन अलग अलग बोरवेल है इसके बावजूद भी कालोनी के रहवासियों को भारी जल संकट का सामना करना पड़ रहा हैं। तीन में से एक बोरवेल चार पांच माह से खराब पड़ा हुआ हैं। सिंचाई कालोनी चांपा में आये दिन पानी की समस्या बनी रहती हैं। पानी पाइप लाइन भी जगह जगह लीकेज है, इस कारण से भी पाइप लाइन से घरों में पानी ठीक से सप्लाई नहीं हो पाती हैं। पाइप लाइन बहुत पुराना है जिससे आए दिन पाइप लाइन में लीकेज की समस्या बनी रहती हैं। सिचाई कालोनी जगदल्ला चांपा की स्थापना तकरीबन सन 1990 1992 में हुई हैं, तब से कालोनी के अंदर की सड़को का एक बार भी मरम्मत नहीं हुआ हैं, कालोनी की सड़के पूरी तरह उखड़ गई हैं। सड़क कहीं पर दिखाई नहीं दे रही हैं, पूरी तरह जर्जर हो चुकी हैं, जबकि कालोनी के सड़को एवं अन्य मरम्मत कार्यों के लिए विभाग में शासन से पैसा आता हैं, लेकिन अधिकारियों के द्वारा पैसा किसमें खर्चा किया जाता हैं लोगों के समझ से परे हैं। इस कालोनी में कर्मचारियों के अलावा बड़े बड़े अधिकारियों का भी रहना होता हैं, बावजूद भी सिंचाई कालोनी की दशा बद से भी बदत्तर हैं। पानी सप्लाई की समस्या हमेशा बनी रहती हैं, जिससे कालोनी के रहवासियों को पानी के लिए हमेशा परेशानियों का सामना करना पड़ता हैं। कालोनी के अंदर बच्चों के खेल मैदान भी खराब हो चुका हैं।



पाइप लाइन की मरम्मत करते कर्मचारी।

## केन्द्रीय कृषि मंत्री से सौजन्य मुलाकात ...



**जांजगीर-चांपा।** भाजपा जिलाध्यक्ष गुलाब सिंह चंदेल अपने मार्गदर्शक जिनके साथ अविभाजित मध्यप्रदेश में पार्टी की मजबूती लिए एक साथ काम किए, मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व वर्तमान मोदी सरकार में केन्द्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान से मध्यप्रदेश भवन दिल्ली में सौजन्य भेंट-मुलाकात की। इस दौरान जिलाध्यक्ष गुलाब सिंह चंदेल ने यादगार के रूप में संजोकर रखे कई दशकों पहले के शिवराज सिंह चौहान के द्वारा भेजे गए एक पुराने लेख पत्र को उन्हें दिखाया जिसे श्री चौहान ने ध्यान पूर्वक पढ़ा और गुलाब सिंह चंदेल की काफी प्रशंसा भी की।

## बच्चों की जिज्ञासा को शांत करने तैयारी के साथ कराएं अध्ययन



**बिर्रा।** संकुल केंद्र बिर्रा के शासकीय प्राथमिक शाला में शिक्षकों को एफ एल एन प्रशिक्षण दिया जा रहा है। द्वितीय दिवस के प्रशिक्षण की शुरुआत मां सरस्वती की पूजा एवं वंदना से हुई। प्रशिक्षण में विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी एम डी दीवान पहुंचे। उनका तिलक लगाकर स्वागत संकुल प्राचार्य एफ. एव साहू सर ने किया। मास्टर ट्रेनर राजेश कंवर के ने चारों संकुलों से प्रतिवेदन प्रस्तुत करने कहा। हायर सेकेण्डरी स्कूल बिर्रा संकुल से नोहरराम साहू, डी.डी.एस. संकुल से मनीष देव गुप्ता, सिलोदेही संकुल से अमृतलाल पटेल एवं भीमराम टंडन, तावदेवरी से गोसाईराम बंजारे ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। संकुल प्राचार्य एफ. एल साहू ने प्रशिक्षण के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि हमें कक्षा में पूर्व तैयारी के साथ अध्यापन कार्य कराना चाहिए तभी हम बच्चों की जिज्ञासा को शांत कर सकते हैं। प्रधानपाठक श्री थवाईत ने बताया कि हमें विद्यालय में समय पर अपनी उपस्थिति देनी चाहिए एवं अनुशासित रहना चाहिए। डी.डी. एस. संकुल के शिक्षकों के द्वारा प्रथम दिवस का प्रस्तुतीकरण किया गया। मास्टर ट्रेनर राजेश कंवर के द्वारा एफ. एल. एन. की दक्षता के तीन संसाधनों के बारे में बताया गया जिसमें पहला शिक्षक संदर्शिका, दूसरा पाठ्य पुस्तक एवं तीसरा अभ्यास पुस्तिका। इन तीनों संसाधनों पर काम करने का तरीका बताया गया तथा यह भी बताया गया कि शाला प्रवेश के बाद तीन महीने तक विद्यार्थी शाला प्रवेश मनाना है। वहीं श्यामसुन्दर उरांव ने गतिविधि के माध्यम से बच्चों की मातृभाषा में उनके परिवार एवं परिवेश के बोरे में बातचीत करके बच्चों के मन से भय को दूर करने के बारे में बताया गया। प्रशिक्षण के दौरान ईश्वर राठौर, के द्वारा मौखिक भाषा कौशल के अंतर्गत भय दूर करने के लिए मौखिक भाषा की रणनीति को बताया गया। तत्पश्चात श्री कंवर के द्वारा पाठ्य पुस्तक, अभ्यास पुस्तिका एवं शिक्षक संदर्शिका की कार्ययोजना के बारे में बताया गया।

## आदर्श ग्राम गोधना में 11 वर्षों से हो रहा राम कथा का आयोजन

**गोधना।** आदर्श ग्राम गोधना में सन 2013 से प्रति मंगलवार को मिलन चौक स्थित कार्तिक राम साहू के घर में रामायण गायन एवं प्रवचन का कार्य हो रहा है। ग्राम के मानस मंडली पारी से राम कथा का गायन कर गायन एवं प्रवचन करते हैं एवं बाहर से आए हुए मानस मंडली भी गायन करती है। गायन के पश्चात प्रसाद वितरण किया जाता है। राम कथा श्रवण हेतु गांव के बुजुर्ग लोग उपस्थित रहते हैं। वही महावीर मोहल्ला में प्रतिवर्ष श्रावण मास में एक माह तक रामायण गायन प्रवचन का कार्य होता है तथा पिछले कुछ वर्षों से भाठापारा मोहल्ला में प्रति शनिवार को रामायण गायन एवं प्रवचन एवं श्रवण का कार्यक्रम आयोजित होता है। इसी प्रकार प्रति गुरुवार को गांव के गणेश मोहल्ला में रामायण गायन का कार्यक्रम आयोजित होता है इस तरह सप्ताह में तीन दिवस राम कथा का गायन एवं प्रवचन होता है।



## आतंकी हमले की बजरंग दल ने की निंदा

**सक्ती।** जम्मू कश्मीर में वैष्णों देवी कटरा से शिव खोडी जाते समय 9 जून को श्रद्धालुओं की बस पर आतंकवादियों ने कायराना हमला किया, जिसमें 10 निर्दोष तीर्थयात्री मारे गए। इस घटना से पूरा देश आहत है और लोगों में तीव्र आक्रोश में है।

- महामहिम राष्ट्रपति के नाम सक्ती कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

जम्मू काश्मीर लंबे समय से पाकिस्तान पोषित आतंकवाद का दंश झेल रहा है। धारा 370 हटने के बाद एक आशा की ज्योति जगी है, लेकिन उग्रवादियों का मनोबल अभी कम नहीं हुआ है। हिंदुओं को चिन्हित करके उनकी हत्या की घटनाएं बढ़ी हैं इन सब के पीछे स्पष्ट रूप से पाकिस्तान का हाथ है। देश के नई सरकार के शपथ के समय इस प्रकार का दुस्साहसिक कृत्य करके इस्लामी आतंकवादियों ने देश के संप्रभुता को चुनौती दी है। बजरंग दल इस कायराना कृत्य की तीव्र निंदा करते हुए इस प्रकार की गतिविधियों पर पूर्ण नियंत्रण पाने के लिए निर्णायक और कठोर कदम उठाने का केंद्र सरकार को निर्देश दें तथा इस प्रकार के तत्वों को सरंक्षण देने वाले आंतरिक व विदेशी तत्वों का भी कठोरता से कार्रवाई हो ऐसा केन्द्र सरकार से सुनिश्चित कराने का आग्रह करें। ज्ञापन सौंपने वालों में विश्व हिन्दू परिषद के जिला अध्यक्ष शिव जायसवाल, कुदन सोनी जिला संयोजक बजरंग दल, जिला मंत्री सुदाम चन्द्रा, गजाधर यादव, विश्वनाथ सोनसरे, राजू जयसवाल, बजरंग दल चांपा,अनूप अग्रवाल, रामनरेश यादव आदि मौजूद रहे।



कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते पदाधिकारी।

## यूनिक इंस्टीट्यूट और यूनिसेफ ने किया लोगों को जागरूक

**जांजगीर-चांपा।** अकलतरा विकासखंड के ग्राम लटिया में यूनिक इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी एंड रिसर्च और जिला प्रशासन, यूनिसेफ और युवोदय हसदेव के हीरो कार्यक्रम के द्वारा सामुदायिक बैठक आयोजित किया गया।

इस दौरान जागरूकता अभियान के तहत ज़िला समन्वयक सुश्री दिव्या राजपूत सहित अकलतरा विकास खंड समन्वयक नरेन्द्र कश्यप द्वारा मासिक माहवारी, एनीमिया, पोषण,अपने बच्चो की शिक्षा में अभिभावकों की सक्रीय भागीदारी सुनिश्चित करना जैसे पढ़ाई का कोना, आज़ क्या सीखा जैसे अन्य महत्पूर्ण बिंदुओ पर जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से यूनिक इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी एंड रिसर्च के संचालक अखिलेश सिंह सेंगर, यूनिक कॉलेज के सदस्य अनुराग सिंह, दीपेश देवांगन, राजेंद्र कश्यप, ग्राम लटिया के भूतपूर्व सरपंच कृष्ण कुमार सिंह, पंच संजू यादव ,मितानिन दीदी, स्व सहायता समूह महिलाएं, हसदेव कार्यक्रम के स्वयं सेवक भूमि सोनवानी एवं अन्य ग्रामीण महिलाएं जागरूकता कार्यक्रम में उपस्थित रही।



जानकारी देते समन्वयक एवं अन्य।

## औद्योगिक समस्याओं का किया जाएगा त्वरित निदान : छिकारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कामर्स एण्ड इंडस्ट्रीज की स्थानीय इकाई तथा जिला उद्योग संघ के एक संयुक्त प्रतिनिधि मंडल ने सोमवार 10 जून को सायं 6 बजे कलेक्ट्रेट स्थित कार्यालय में जिलाधीश आकाश छिकारा से मुलाकात की।

- उद्योग संघ व चेम्बर ऑफ कामर्स का प्रतिनिधिमंडल मिला कलेक्टर से

उद्योग संघ एवं चेम्बर ऑफ कामर्स के प्रतिनिधियों ने कलेक्टर से जिले में संचालित उद्योगो के बारे में झूठी, निराधार तथा भ्रामक शिकायते करने वालो के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही किये जाने की मांग की। इस पर कलेक्टर ने ऐसे तत्वो के विरूद्ध आवश्यक जांच करा कर नियमानुसार दंडात्मक कार्यवाही किये जाने का आश्वासन प्रतिनिधिमंडल को दिया। उन्होंने कहा कि औद्योगिक समस्याओं का त्वरित निदान किया जाएगा। जिला उद्योग संघ जांजगीर - चांपा के अध्यक्ष सज्जन अग्रवाल ने बताया कि क्षेत्र में इन दिनों ऐसे तत्व कार्यरत है जो आये दिन संचालित उद्योगो के संबंध में झूठी, निराधार और भ्रामक शिकायते करते रहते है। इस तरह की निराधार शिकायतो से उद्योग संचालको को सुचारू रूप से अपना उद्योग संचालित करने में परेशानी होती है। साथ ही इससे संबंधित विभाग के प्रशासनिक अमले का भी बेवहज की शिकायतो की जांच में अनावश्यक समय व्यतीत होता है। उद्योग संघ एवं चेम्बर ऑफ कामर्स के प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर से इस तरह की झूठी, निराधार तथा भ्रामक शिकायते करने वालो के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही किये जाने की मांग की। इस पर कलेक्टर आकाश छिकारा ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि यदि शिकायते झूठी व निराधार पाई गयी तो संबंधित के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। साथ ही उन्होंने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि औद्योगिक समस्याओं का त्वरित निदान किया जाएगा इसके लिए उद्योग विभाग के अधिकारी को नोडल अधिकारी की जिम्मेदारी दी जाएगी। भेंट के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर आकाश छिकारा का सम्मान चांपा की सुप्रसिद्ध कौसेय शाल पहनाकर किया। प्रतिनिधिमंडल में जिला उद्योग संघ के अध्यक्ष सज्जन अग्रवाल, चेम्बर ऑफ कामर्स एण्ड इंडस्ट्रीज के जिला प्रभारी अनिल मनवानी सहित सतीश केडिया, मनोज धामेचा, विजय केडिया, मनोज अग्रवाल, प्रतीक अग्रवाल तथा हीरा भाई पटेल शामिल थे।



कलेक्टर का शाल पहनाकर अभिनंदन करते लोग।

## मुस्लिम समाज ने राष्ट्रपति के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



**जांजगीर-चाम्पा।** जिले के मुस्लिम समाज के प्रमुखों ने कलेक्टर आकाश छिकारा के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपकर प्रदेश के राजधानी के समीप आरंग थाना क्षेत्र के अंतर्गत अल्प संख्यक युवकों के साथ हुई मॉब लिचिंग एवं गत दिनों सम्पन्न उड़ीसा से निर्वाचित महिला के विजय जुलूश में पाकिस्तान जिन्दाबाद का नारा लगाने वालो की निंदा करते हुए कठोर कार्यवाही किये जाने की मांग की है। ज्ञापन में कहा गया है कि 6, 7 जून की दर्मियानी रात हुई माब लिचिंग में 2 युवकों की मृत्यु हुई तथा एक युवक जीवन और मत्यु के बीच हॉस्पिटल में संघर्श कर रहा है। प्रदेश की इस पहली माब लिचिंग घटना में शामिल दोषियों के विरूद्ध धारा 302, 207, 147, 148 एवं 149 के अंतर्गत सौहाद्रपूर्ण वातावरण को बिगाड़ने के प्रयास करने वालो पर कड़ी से कड़ी कार्यवाही तथा पाकिस्तान जिंदाबाद का नारा लगाने वालों के विरूद्ध देशद्रोह का मुकदमा कायम कर कार्यवाही किये जाने की मांग की है। प्रतिनिधि मंडल में इब्राहिम मेमन, रफीक सिद्धिकी, मोहम्मद इमरान, अब्दुल रसीद खान, सलीम सिद्धीकी, मन्सूर अली, इश्तहार अहमद, मोहम्मद गुलाम, मोहम्मद शलामुद्दीन, शेख अनवर, इरशाद बाबा, मोहम्मद रसूल, मोइद खान, मोहम्मद आरीफ, मो. शरीफ कुरैशी आदि शामिल थे।